पंजाब केसरी 25/02/2026

शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन, दोनों प्रगति के आधार स्तंभ : डॉ. रोहित दत्त

अंकित रहे गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में गैर-शिक्षक वर्ग के लिए हुए बैडमिंटन मैच में प्रथम

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में गैर–शिक्षक वर्ग के लिए आयोजित बैडमिंटन मैच के विजेताओं को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 23 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को पुरुष वर्ग में गैर शिक्षण स्टाफ के लिए बैडमिंटन मैच का आयोजन किया गया। पी.सी. जोशी मैमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी गैरशिक्षण स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान ऑडिटोरियम तालियों और उत्साह से गूंज उठा।

मैच में अम्पायर की महत्वपूर्ण भूमिका डॉ. सुरजीत ने निभाई। प्रतियोगिता में अंकित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। तरनवीर ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान हासिल किया। नरेश ने निरंतर संघर्ष के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि गुंजीत ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए चतुर्थ स्थान अर्जित किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने विस्तृत वक्तव्य में कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन, दोनों ही किसी भी संस्था की प्रगति के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां कर्मचारियों के बीच आपसी तालमेल, सकारात्मक ऊर्जा और कार्यकुशलता को बढ़ाती हैं। उन्होंने विजेताओं को विशेष बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन संस्थान में पारिवारिक वातावरण को मजबूत करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में और भी बड़े स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिससे सभी कर्मचारियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा।

शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सह. प्राध्यापक ब्रिजेश गुप्ता ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का सशक्त साधन है।